# केन्द्रीय विद्यालय एन.ड़ी.ए. खड़कवासला पुणे-२३.

**आवधिक परीक्षा (प्रथम) 2018-2019**

**कक्षा : सातवी** **विषय : हिन्दी** **पूर्णांक : 40**

---

## खण्ड़ - क

प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

हाथी की सबसे अनोखी चीज उसकी सूँड़ है ।यह उसे पेड़ के तने के चारों ओर लपेट कर पेड़ को जड़ सहित उखाड़ सकता है । माता हाथिनी सूँड़ का उपयोग करती है तो वह अपनी सूँड़ से धूल उठाकर फूँक से अपनी पीठ पर बिखेर देती है। मौसम गरम होने पर वह उसका उपयोग फुहारा-स्नान के लिए करती है । काम करते समय इससें भारी लठ्ठा उठाकर उसे दुर ले जाती है । हाथी की सूँड़ माँसपेशियों का पुँज है । किंतु यह बहुत कोमल भी है । लड़ाई के समय, हाथी अपनी सूँड़ को मोड़कर एक तरफ हटा लेता है ।

1) हाथी की सबसे अनोखी चीज क्या है ? (1)

क) पाँव ख) दाँत ग) सूँड़ घ) कान

2) हाथी पेड़ को कैसे उखाड़ सकता है ? (1)

क) जमीन से उसकी जड़ो को खींचकर

ख) पेड़ को चारों तरफ अपनी सूँड़ लपेटकर

ग) अपनी सूँड़ से धूल उठाकर

घ) अपनी सूँड़ से पेड़ को धकेलकर

3) माता हाथिनी अपनी सूँड़ का उपयोग क्यों करती है ? (1)

क) प्यार दिखलाने के लिए

ख) फुहरा - स्नान के लिए

ग) मक्खियों को भगाने के लिए

घ) लटठों को उठाना सिखाने के लिए

4) कोमल शब्द का सही पर्यायवाची शब्द क्या है ? (1)

क) कठिन ख) मुलायम ग) सरल घ) कठोर

5) इस गद्यांश का उचित शिर्षक क्या है ? (1)

क) अनोखी चीज ख) हाथी की सूँड़

ग) हाथी घ) कोमल सूँड़

## खण्ड़ - ख

प्र.2)

1) निम्नलिखित का समास विग्रह कीजिए और समास का नाम भी लिखिए (2)

भूखे - प्यासे राजा - रानी

2) निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए (2)

धावा बोलना पीठ ठोकना

3) उलटा शब्द लिखने पर सार्थक शब्द बनाइए शब्द के आगे संज्ञा का नाम भी लिखिए (2)

नदी वादा

4) निम्नलिखित शब्दों को जोड़कर नए शब्द बनाइए (2)

काठ + पुतली हाथ + कड़ी

## खण्ड़ - ग

प्रश्न 3) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक - तीलियो से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे ।
हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे - प्यासे,
कही भली है कटुक निबौरी
कनक - कटोरी की मैदा से ।

1) कवि एवं कविता का नाम लिखिए । (1)

क) शिवमंगल सिंह 'सुमन' ख) नागार्जुन

ग) भवानीप्रसाद घ) यतीश आग्रवाल

2) पक्षी कैसे रहना पसंद करते है । (1)

क) आसमान में ख) आजाद

ग) चुपचाप घ) कमरे में

3) पक्षी कहाँ नहीं गा पाएँगे और क्यों ? (1)

क) घर में ख) नभ में ग) पिंजरे में घ) बाहर

4) पक्षी कैसा जल पीते है ? (1)

क) बहता ख) उड़ता ग) रूका घ) लहरों का

5) उन्मुक्त का अर्थ है । (1)

क) खुला ख) बंद ग) उड़ना घ) आना

प्रश्न 4) निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नो के उत्तर लिखिए । 2 X 3 = 6

1) दादी माँ के स्वाभाव का कौनसा पक्ष आपको अच्छा लगता है और क्यों ? (2)

2) लेखक नागार्जुन नदियों को किन - किन में देखने है ? (2)

3) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ? (2)

4) खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी ? (2)

क) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । (1)

1) रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए ?

2) एनीमियाँ से बचने के लिए हमे क्या खाना चाहिए ?

प्रश्न 5) 'महाभारत' पूरक पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिए।

1) विदुर का दूसरा नाम क्या था ? (1)

2) शांतनु को देवव्रत का परिचय किसने दिया । (1)

3) देवव्रत का नाम भीष्म क्यों पड़ा ? (1)

4) अंबाने एकांत में भीष्म से क्या कहा ? (1)

5) कुंती का विवाह किसके साथ हुआ था? (1)

प्रश्न 6) चार दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । (5)

अथवा

जन्मदिन की बधाई देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 7) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (5)

दादी माँ मेरी माँ

***********

# केन्द्रीय विद्यालय एन.ड़ी.ए. खड़कवासला पुणे-२३.

**आवधिक परीक्षा (प्रथम) 2018-2019**

**कक्षा : नौंवी** **विषय : हिन्दी** **पूर्णांक : 40**

---

## खण्ड़ - क

प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

ड़ाँड़े तिब्बत में सबसे खतरे की जगहें हैं । सोलह-सत्रह हजार फीट की उँचाई होने के कारण उनके दोनो तरफ मीलों तक कोई गाँव - गिराँव नहीं होते । नदियों के मोड़ और पहाड़ों के कोनों के कारण बहुत दूर तक आदमी को देखा नहीं जा सकता । ड़ाकुओं के लिए यही सबसे अच्छी जगह है । तिब्बत में गाँव में आकर खून हो जाए, तब तो खूनी को सजा भी मिल सकती है, लेकिन इन निर्जन स्थानों में मेरे हुए आदमियों के लिए कोई परवाह नहीं करता । सरकार खुफियाँ - विभाग और पुलिस पर इतना खर्च नहीं करतीं और वहाँ गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता । ड़कैत पहले आदमीको मार ड़ालते हैं, उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं ।

1) ड़ाँड़े तिब्बत में सबसे खतरनाक जगह क्यों हैं ? (1)

क) यह सोलह - सत्रह फीट की उँचाई पर स्थित है

ख) यहाँ हमेश तिब्बती पुलिस घूमतीं रहती है

ग) यहाँ यात्रियों को हमेश जान-माल का खतरा बना रहता है

घ) यहाँ हमेशा तिब्बत की खुफियाँ पुलिस तैनात रहती है ।

2) ड़ाँड़े की आवासीय स्थिति निम्नलिखित में से कैसी है ? (1)

क) यहाँ गाँव बहुत पास-पास हैं

ख) यहाँ दूर-दूर तक कोई गाँव नही ंहै

ग) यहाँ गाँव तो कम हैं पर यात्री बहुत अधिक संख्या में दिखते हैं

घ) यहाँ गाँव तो बहुत पास है किन्तु कोई रहता नहीं ।

3) ड़ाकुओं के लिए ड़ाँड़े सबसे अच्छी जगहें क्यों है ? (1)

क) यहाँ लूटने के लिए बहुत से यात्री मिल जाते हैं

ख) यहाँ पुलिस भी उनसे ड़रती है

ग) ड़ाँड़े पर उन्हे तस्करों से हथियार मिल जाते हैं

घ) यहाँ हत्या का कोई गवाह नही मिलता ।

4) तिब्बत सरकार की कौनसी विशेषता उसे अन्य सरकारों से अलग करती है ? (1)

क) तिब्बत सरकार यात्रियों की सुरक्षा हेतु गंभीर नहीं है

ख) तिब्बत सरकार यात्रियों के लिए बहुत खर्च करती है

ग) सरकार पुलिस और खुफियाँ विभाग पर कम खर्च करती है

घ) तिब्बत सरकार पुलिस व्यवस्था पर बहुत खर्च करती है ।

5) प्रस्तुत पाठ का नाम क्या है ? (1)

क) उपभोक्तवाद की संस्कृति ख) ल्हास की ओर

ग) इस जल प्रलय में घ) साँवले सपनो की याद

प्र.2) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी ।
ओढ़ि पितंबर लै लुकटी बन गोधन ग्वारिन संग फिरौंगी ।
या मुरली मुरलीधर की अथरान धरी अधरा न धरौंगी ।।

1) सवैये में कौन किसके कहने पर क्या करने पर क्या करने को तैयार है ? (1)

क) गोपी ख) सखियाँ ग) ऊधौ घ) राधा

2) गोपी किसे अच्छा लगनेवाला श्रृंगार करना चाहती है ? (1)

क) कृष्ण को ख) राधा को

ग) अर्जुन को घ) राम को

3) गोपी कृष्ण को रुप धारण करणे हेतु क्या करने को तैयार नहीं है ? (1)

क) मुरली को होंठो पर रखने को तैयार नहीं है ।

ख) कृष्ण को बात करने को तैयार नही हैं ।

ग) सखियों से बात करने को तैयार नही है ।

घ) ऊधौ को बात करने को तैयार नहीं है ।

4) सवैया से गोपी के किस मनोभाव का पता चलता है ? (1)

क) कृष्ण से प्रेम का  ख) कृष्ण से नफरत का

ग) राधा से प्रेम का  घ) ऊधौ से प्रेम का

5) प्रस्तुत काव्य की पंक्तियाँ किसकी है ? (1)

क) कबीर की  ख) मीराबाई की

ग) रसखान की  घ) ललद्यद की

## खण्ड़ - ख

प्रश्न 3) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

I) 'अवगुण' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द लिखिए (1)

II) 'आजन्म' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द शब्द लिखिए (1)

प्रश्न 4) 'अपनापन' शब्द में प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए। (1)

II) 'लिखावट' शब्द में प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए । (1)

प्र.5) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का भेद लिखिए ।

1) आजीवन (1)

2) माता-पिता (1)

3) तिरंगा (1)

प्र.6) निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए ।

1) ''चारू चंद्र की चंचल कीरने खेल रही है जल-थल मे ।'' (1)

2) ''कनक-कनक तै सौगुनी मादकता अधिकाय ।'' (1)

3) ''सीता का मुख चंद्र के समान सुंदर।'' (1)

प्रश्न 7) निमलिखित में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2X5=10)

1) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ले जाती होगी ?

2) लेखक किस रुप में यात्रा कर रहे थे ?

3) जीवन में ‘सुख’ से क्या अभिप्राय है?

4) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढ़ता फिरता है ?

5) ‘मानसरोवर’ से कवि का क्या आशय है ?

6) कवयित्री का ‘घर जाने की चाह’ से क्या अभिप्राय है?

७) छोटी बच्ची को बलों के प्रति प्रेम क्यों उमड आया?

८) कहानी में बैलें के माध्यमसे कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभरकर आएँ है ।

प्रश्न 8) चार दिनक के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए । (5)

प्रश्न 9) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए (5)

1) नारी शिक्षा का महत्त्व

2) प्रदूषण की समस्या

***********